nt>

Title: Need to restore Ranger College at Balaghat in Madhya Pradesh.

श्री गौरी शंकर चतुर्भुज बिसेन (बालाघाट) : माननीय सभापति जी, मध्य प्रदेश में कुछ ही रेंजर कालेज हैं। मेरे लोक सभा क्षेत्र बालाघाट में एक रेंजर कालेज है। भारत सरकार के वन मंत्रालय द्वारा बालाघाट के २५ साल पुराने रेंजर कालेज को चंद्रपुर के रेंजर कालेज में तब्दील किया जा रहा है। इसकी जानकारी मिलते ही वहां के लोग आंदोलन कर रहे हैं और सड़कों पर प्रदर्शन कर रहे हैं। मैं भारत सरकार से निवेदन करता हूं कि इतना पुराने महाविद्यालय को जहां पर रेंजरों की ट्रेनिंग दी जाती है, मध्य प्रदेश में सर्वाधिक वन क्षेत्र बालाघाट में है और बांस का क्षेत्र भी सर्वाधिक बालाघाट में है, इसलिए इस कालेज को यथावत बालाघाट में ही रहने दिया जाए।